# पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर

कोनी-बिरकोना मार्ग, ग्रा./पो. - बिरकोना, जिला - बिलासपुर (छ.ग.)

फोन नं. 07752-240711, 240712 Website : www.pssou.ac.in Email : Info@pssou.ac.in


## वृहद् वृक्षारोपण कार्यक्रम

16 जुलाई, 2018

दिनांक 16.07.2018 को पं. सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर के परिसर में प्रातः 11:00 बजे वृहद् वृक्षारोपण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मिशन ग्रीन बिलासपुर अभियान को जोड़ते हुए जिलाधीश पी. दयानंद जी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधीश महोदय ने परिसर में आम का पौधा लगाकर किया। इस कार्यक्रम में जिला प्रशासन के साथ–साथ वन विभाग बिलासपुर तथा लायंस क्लब का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। इस कार्यक्रम के तहत् परिसर में 600 पौधों का रोपण हुआ।

वृक्षारोपण का कार्यक्रम विश्वविद्यालय परिसर में करने के पश्चात् शेष कार्यक्रम विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित हुआ। इस अवसर पर अतिथियों को तुलसी का पौधा देकर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि ने इस अवसर पर कहा कि वृक्षारोपण सामाजिक कार्य है जो हम सभी की जिम्मेदारी है। आज जो हरियाली है वह हमारे पूर्वजों की मेहनत है। इसीलिए आने वाली पीढ़ी के लिए हरियाली की जिम्मेदारी हम सभी की है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बंश गोपाल सिंह जी ने इस अवसर पर कहा कि पानी बचाने के लिए वृहद पैमाने पर वृक्षारोपण की आवश्यकता है। कार्यक्रम में उपस्थित जिला संघ चालक श्री काशीनाथ गोरे ने कहा कि "जब पानी पैसे देकर खरीदने की नौबत आ जाए तो समझिए कि हमारा पर्यावरण संकट में है।"

वृक्षारोपण कार्यक्रम में जिला प्रशासन, लायंस क्लब के सदस्य, विश्वविद्यालय के कुलपति/कुलसचिव/समस्त अधिकारी/कर्मचारी/विद्यार्थी सहित लगभग 180–190 लोग उपस्थित रहे।

संयोजक

प्रकाश चन्द्र तिवारी

VERIFIED

REGISTRAR
Pt. Sunderlal Sharma (Open)
University Chhattisgarh
BILASPUR (C.G.)

Shri Reshum Lal Pradhan
Incharge NAAC Criteria
PSSOU, CG Bilaspur

पंडित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर
(छ.ग. शासन के अधिनियम क्र. 26/2004 द्वारा स्थापित)
कोनी बिरकोना मार्ग, बिलासपुर (छ.ग.) फोन 07752-210312, 213073 (फैक्स) website- pssou.ac.in

क्र 1024/स्था./2018 बिलासपुर दिनांक 13/07/2018

## //सूचना//

विश्वविद्यालय के समस्त अधिकरी/सहायक प्राध्यापक/कर्मचारी को सूचित किया जाता है कि दिनांक 16.07.2018 दिन सोमवार को प्रातः 11.00 बजे माननीय जिलाध्यक्ष, बिलासपुर के मुख्य आतिथ्य में पं. सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय, लायंस क्लब, बिलासपुर, वन विभाग, बिलासपुर द्वारा वृहद वृक्षारोपण का आयोजन किया गया है।

वृक्षारोपण का कार्यक्रम विश्वविद्यालय परिसर में करने के पश्चात् शेष कार्यक्रम विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित है। अतः निर्धारित दिनांक एवं समय पर कार्यक्रम में सभी की उपस्थिति आवश्यक है।

कुलसचिव

प्रतिलिपि :-

पृ.क्रमांक 1025/स्था./2018 बिलासपुर, दिनांक 13/07/2018

1. निज सचिव कुलपति, माननीय कुलपति जी के सूचनार्थ।
2. क्षेत्रीय निदेशक को सूचनार्थ।
3. वित्ताधिकारी को सूचनार्थ।
4. परीक्षा नियंत्रक को सूचनार्थ।
5. विभाग प्रमुख.................................................................. को अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को सूचनार्थ।
6. कार्यालय प्रति।

कुलसचिव

VERIFIED

REGISTRAR
Pt. Sunderlal Sharma (Open)
University Chhattisgarh
BILASPUR (C.G.)

Shri Resham Lal Pradhan
Incharge ... Officer
PSSOU, CG Bilaspur